an>

Title: Need to formulate a comprehensive policy for the welfare of minority communities in Ambala Parliamentary Constituency of Haryana.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : महोदय, मैं अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का ध्यान अपने अम्बाला लोक सभा क्षेत्र में रहने वाले अल्पसंख्यक समाज से संबंधित मुद्दों की ओर केन्द्रित करना चाहता हूं और मांग करता हूं कि मेरें लोक सभा क्षेत्र के अल्पसंख्यक समाज के विकास के लिए नीति बनाने के लिए एक रूपरेखा तैयार की जाए। हरियाणा प्रदेश में मेवात क्षेत्र के पश्चात मेंरे लोक सभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा अल्पसंख्यक समाज है, लेकिन मेरे क्षेत्र में अल्पसंख्यक समाज के लिए क्वालिटी शिक्षा के लिए कोई भी बड़ा शिक्षा संस्थान नहीं है, जिसके कारण भारत में अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसीलिए मैं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री से प्रार्थना करता हूं कि अल्पसंख्यकों के सुनिश्चित सशक्तिकरण, विकास एवं समान अवसर प्रदान कराये जाने की दृष्टि से विशेष पग उठाये जाएं।